**मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट** • नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख अभियंता ने एमपी अर्बन डवलपमेंट को सौंपी जांच

# ढाई साल में 20% ही बनीं शहर की 3 सड़कें, अब टेंडर निरस्त कर ब्लैक लिस्टेड होगी ठेकेदार कंपनी


## ठहराव प्रस्ताव पारित कर कार्रवाई के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को लिखा था पत्र

- एक भी सड़क पूरी नहीं बना पाई ठेकेदार कंपनी आर्यवृत्त प्रोजेक्ट एंड डेवलपर्स
- जुलाई 2020 तक की डेडलाइन तय हुई थी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का काम कर रही ठेकेदार कंपनी आर्यवृत्त प्रोजेक्ट एंड डेवलपर्स, भोपाल का टेंडर निरस्त कर फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई शुरू हो गई है।

ठेकेदार कंपनी ने ढाई साल ऊकाला रोड, शास्त्री नगर और महू रोड का काम शुरू किया था। तीनों काम अभी भी 75 से 80 प्रतिशत अधूरा है। बार-बार चेतावनी देने के बावजूद ठेकेदार मनमाने तरीके से काम कर रहा है। कार्रवाई करते हुए 5 अप्रैल को कलेक्टर और प्रशासक नगर निगम ने अनुबंध निरस्त करके ब्लैक लिस्ट करने का प्रस्ताव पारित किया। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने रिपोर्ट नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को भेजी थी। विभाग के प्रमुख अभियंता जीपी कटारे ने जांच कर कार्रवाई के लिए मप्र अर्बन डवलपमेंट कंपनी के प्रमुख अभियंता को जिम्मेदारी दी है।



शास्त्री नगर रोड को चौड़ा करने खोदी साइडिंग में मुरम की जगह काली मिट्टी का भराव किया जा रहा है।

### प्रोजेक्ट में ये छह सड़कें बनना हैं जिनकी धीमी गति का नतीजा शहरवासी भुगतने पर हैं मजबूर

- **शास्त्रीनगर मुख्य मार्ग (पावर हाउस तिराहा से न्यू रोड तिराहा)** - लंबाई-850 मीटर, चौड़ाई - 12 मीटर, शास्त्रीनगर पुलिया 12 मी.चौड़ी होगी, डिवाइडर व सेंट्रल लाइटिंग।
- वर्तमान स्थिति - काम अधूरा, 26 मई को बिना ले आउट के रोड चौड़ाई करने साइडिंग में खुदाई कर दी। अब मुरम की जगह काली मिट्टी का भराव किया जा रहा है।

- **ऊंकाला रोड (चार चक्की चौक-सेठिया गार्डन-बजरंगनगर तक)** - लंबाई-1480 मीटर, चौड़ाई - 12 मीटर, फुटपाथ व ड्रेन-3 मीटर, पुलिया 12 मीटर चौड़ी होगी, डिवाइडर व सेंट्रल लाइटिंग
- वर्तमान स्थिति -महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर से 200 मीटर लंबी सीसी सड़क बनाई थी। वह अधूरी है, 10 माह से साइडिंग की खुदाई कर भराव चल रहा है।

- **आनंद कॉलोनी रोड (कॉन्वेंट स्कूल से कालिकामाता पुलिया तक)** - लंबाई - 280 मीटर, चौड़ाई - 14 मीटर, कालिकामाता पुलिया 14 मीटर चौड़ी होगी, डिवाइडर व सेंट्रल लाइटिंग।
- वर्तमान स्थिति -सालभर पहले कॉन्वेंट स्कूल से आनंद कॉलोनी तरफ कुछ दूरी तक ड्रेन बनाई थी। फिलहाल काम अधूरा।

- **महू रोड (कृषि मंडी से फव्वारा चौक)** - लंबाई- 1700 मीटर, चौड़ाई दोनों तरफ दो मीटर बढ़ाना थी। फुटपाथ व ड्रेन सिस्टम भी बनाना था।
- वर्तमान स्थिति - सबसे पहले इसी सड़क का काम शुरू हुआ था, लेकिन अब भी अधूरा।

- **जवाहरनगर रोड (गुजरात स्वीट्स-गांधीनगर-लक्ष्मणपुरा-जूनियर रेलवे इंस्टिट्यूट तक)**- लंबाई- 1350 मीटर, चौड़ाई- 12 मीटर, स्ट्रीट लाइट अंडरग्राउंड होगी, साइड लाइटिंग।
- वर्तमान स्थिति - काम शुरू नहीं हुआ।

- **लोकेंद्र टॉकीज रोड (सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकीज तक)**- लंबाई- 270 मीटर, चौड़ाई-12 मीटर, फुटपाथ, ड्रेन, डिवाइडर, सेंट्रल लाइटिंग भी होगी।
- वर्तमान स्थिति - अभी तक इस प्रोजेक्ट का काम शुरू नहीं हुआ।

### ठेकेदार कंपनी की लापरवाहियां

- मार्च में रिव्यू में विधायक चेतन्य काश्यप ने काम बहुत धीमा चलने पर नाराजगी जताई थी।
- कलेक्टर ने महू रोड का काम पहले पूरा करने का कहा था। ठेकेदार ने 7 फिर 10 दिन का समय मांगा। काम अधूरा है।
- हर शुक्रवार नगर निगम को प्रोग्रेस रिपोर्ट देना थी, वह भी नहीं दी जा रही।
- निगम इंजीनियरों से ले-आउट लिए बिना शास्त्री नगर रोड की खुदाई चालू कर दी। उसमें साइडिंग में काली मिट्टी का भराव किया जा रहा है।
- 2019 में काम शुरू कर ठेकेदार को 18 माह यानी जुलाई 2020 तक काम पूरा करना था।

### ये काम प्रोजेक्ट से बाहर

- **सड़क**- स्टेशन रोड से दिलबहार चौराहा-महाराजा सज्जन सिंह चौराहा तक और बाजना बस स्टैंड
- **अमृतसागर गार्डन-त्रिपोलिया गेट-चांदनीचौक-आबकारी चौराहा तक।**
- **चौराहा विकास**- एक भी चौराहा का सौंदर्यीकरण नहीं किया जाएगा।
- **अमृत सागर तालाब सौंदर्यीकरण** - अब 22.84 करोड़ से झील संरक्षण योजना में होना है, मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से हटा दिया गया।

### कार्रवाई के लिए लिखा

*प्रोजेक्ट में सिर्फ 10 प्रतिशत ही प्रोग्रेस हुई है। इस पर ठहराव प्रस्ताव पारित कर कार्रवाई के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को लिखा था।*
**सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

*अभी तो महू रोड, शास्त्रीनगर और ऊंकाला रोड का काम चल रहा है। मार्च में प्रोजेक्ट में बदलाव भी हुआ था। इसकी रिपोर्ट दी जा रही है।*
**अमन खंडेलवाल,** इंजीनियर-एमपीयूडीसीएल

दै. भास्कर 1/6/2021

(10)

## नालों की सफाई का कार्य जारी

रतलाम। शहर में वर्षाकाल के पहले नगर निगम द्वारा नाले-नालियों की सफाई का कार्य किया जा रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा फ्रीगंज माल गोदाम, भक्तन की बावड़ी, लक्कड़पीठा, घांस बाजार, नीलाईपुरा, कमदी नाका, विनोबा नगर व मोमिनपुरा नाले की सफाई का कार्य स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह के निर्देशन में जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर-ट्राली व गैंग के माध्यम से किया गया। सफाई उपरांत नालों व नालियों में केरोसिन व क्लीनिंग कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया।

नई दुनिया 16-6-2021

# 22 साल बाद खुला घास बाजार का नाला, चैंबर बनाकर आरसीसी करेंगे, नहीं जमा होगा पानी

रतलाम | घासबाजार चौराहा से लगाकर चौमुखीपुल तक के इलाके में अब तेज बारिश में पानी नहीं भरेगा। नगर निगम ने 22 साल से बंद घास बाजार चौराहा और चौमुखीपुल वाले नाले को खोलकर मशीनों से सफाई करवा दी है। अब इस पर आरसीसी करके बंद करेंगे। बीच में चैंबर भी बनेंगे, ताकि जाम होने पर सफाई आसानी से सफाई की जा सके। इतना ही नहीं रहवासियों को बारिश में जलभराव से होने वाली दिक्कत का सामना भी नहीं करना पड़ेगा।

**राहगीर हो रहे परेशान** -फिलहाल रहवासियों और राहगीरों की परेशानी यह है कि नगर निगम ने बिना किसी पूर्व सूचना के काम शुरू कर दिया। बैरिकेडिंग भी पर्याप्त नहीं की। सराफा बाजार जाने के यही दो रास्ते हैं। सराफा व्यापारियों का कहना है लॉकडाउन के बाद हाल ही में बाजार खुला है। उस पर निगम ने काम चालू कर दिया। फोटो - पिंटू मेहता



### डामरीकरण से ढंका था नाला

यह पुराने शहर का सबसे पुराना नाला है। पहले इसे पत्थरों से ढंक रखा था। सड़क बनाने के दौरान उस पर ही डामरीकरण कर दिया गया। भारी यातायात होने से ये फर्शियां टूटकर नाले में गिर गई, जिससे जाम हो गया। रहवासी चेतन शर्मा ने बताया 20-22 सालों से इसकी कभी सफाई होते नहीं देखी। कर्मचारी सिर्फ मुहाने की सफाई करके चले जाते थे। दीपक जैन ने बताया पानी नहीं निकलने के कारण हर साल बारिश में इलाके में पानी भर जाता है, जिसे निकलने में घंटों लग जाते हैं। इसके पहले 11 अप्रैल को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने हाट रोड मरी माता मंदिर के पास खटीक मोहल्ले की तरफ जाने वाली डक के नीचे वाला दस सालों से जाम नाले को खुलवाया था। आयुक्त के अनुसार बारिश पूर्व नालों की सफाई करवाई जा रही है। जहां-जहां भी ऐसी स्थिति होगी उसे सुधरवाया जाएगा। इंजीनियरों को जिम्मेदारी सौंप दी है।

दै. भास्कर 16-6-2021

**समाधान** | **रहवासियों को दूर-दूर से लाना पड़ता था पीने का पानी**

# वार्ड नौ में पहुंची धोलावड़ की पाइप लाइन

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। फोरलेन स्थित औद्योगिक थाने के सामने व सज्जन मिल के पीछे की चाल में वर्षों से पीने के पानी की समस्या से रहवासी ग्रसित थे। रहवासियों के अनुसार मीठा पानी बहुत दूर-दूर से लाना पड़ता था, तब कहीं जाकर खाना बनता था। रहवासी अपनी समस्या लेकर कांग्रेस नेत्री कुसुम चाहर के पास पहुंचे और समस्या बताई। चाहर ने लगातार चार-पांच महीने से नगर निगम में काम करवाने के लिए प्रयास किया। नगर निगम में आवेदन दिए और आयुक्त से चर्चा की। इसके बाद नए कनेक्शन मुख्य लाइन से जुड़े गए। अब पीने का पानी पर्याप्त मात्रा में मिल रहा है। चाहर ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को धन्यवाद ज्ञापित किया। निगमायुक्त ने शेष अन्य समस्याओं का जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। संतोष गौड़, मधु अकोदिया, दीप्ति सरला रहवासियों ने चाहर का सम्मान किया। मोहिनी, कुसुम, मीना, लाली, कल्पना, आशा, अंजू, नंदा, ज्योति, रश्मि, मनोहर व मुमताज उपस्थित थे। आभार संतोष गौड़ ने माना।



कांग्रेस नेत्री कुसुम चाहर का स्वागत करती हुई महिलाएं। • नईदुनिया

16-6-21

**सुशील गादिया की स्मृति में भेंट की राशि**

रतलाम। धर्मदासगण नायक प्रवर्तक जिनेंद्र मुनिजी, जयंत मुनिजी, मधुर व्याख्यानी पुण्यशीला श्रीजी के सांसारिक भाई व धर्मदास जैन श्रीसंघ रतलाम के महामंत्री, कस्तूरबानगर श्रीसंघ के अध्यक्ष, धर्मनिष्ठ सुश्रावक सुशील गादिया की स्मृति में गादिया परिवार द्वारा धर्मदासगण की विभिन्न धार्मिक संस्थाओं को दानराशि प्रदान की गई। इसके तहत धर्मदास जैन श्रीसंघ रतलाम को 21000 रुपये, साधार्मिक सहायता के रूप में 21000, कस्तूरबानगर स्थानक को 21000, अणु संस्कार शिविर रतलाम को 11000, जीव दया समिति को 11000, कुशलगढ़ श्रीसंघ को 11000, नंदाचार्य साहित्य समिति को 11000, आयंबिल खाता को 5000 रुपये, पक्षी चुग्गा खाता को 5000 रुपये, धर्मधारा प्रकाशन को 5000 रुपये, जिनशासन गौरव पत्रिका को 5000 रुपये, नेमिनाथ मंदिर कस्तूरबानगर को 2100 रुपये, माधवाचार्य परीक्षा मंडल को 5000 रुपये प्रदान किए गए। सुपुत्री पूजा-वीरेंद्र कोठारी (बड़ी सादड़ी वाले) की तरफ से भी रतलाम में दान राशि प्राप्त हुई। इसमें साधार्मिक सहायता के रूप में 11000 रुपये, कस्तूरबा नगर स्थानक को 21000 रुपये की दानराशि प्रदान की गई।

नई दुनिया 16-6-2021

# कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन कराने और वैक्सीनेशन हेतु प्रेरित करने के लिए शहर एस डी एम उतरे मैदान में, दुकानदारों को दी समझाईश

प्रसारण न्यूज • रतलाम

अनलॉक में बाजार खुलने के बाद प्रशासन ने कोरोना के मामले फिर से नहीं बढ़े और संभावित तीसरी लहर को रोकने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। प्रसारण

मंगलवार को शहर एस डी एम अभिषेक गेहलोत मैदान में उतरे और बाजार में पहुंचकर दुकानदारों को कोरोना प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने के लिए समझाईश दी। शहर एस डी एम ने दुकानदारों को स्वयं एवं दुकान के स्टॉफ के टीकाकरण के लिए भी समझाइश देते हुए प्रोत्साहित किया। एस डी एम ने कहा कि यदि दुकानें चालू रखनी है, तो टीकाकरण कराना अनिवार्य है।

एस डी एम ने दुकानदारों और आम नागरिकों से अपील की कि यदि हमें कोरोना पर पूरी तरह नियंत्रण करना है और तीसरी लहर को आने से रोकना है, तो सभी को कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाना होगी। प्रशासन द्वारा बाजारों में कोरोना प्रोटोकाल का पालन कराने और टीकाकरण को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार माइक के माध्यम से भी अपील की जा रही है। 16-6-21

## आज मेंटेनेंस का कार्य होगा

ताल निप्र.। विद्युत वितरण कंपनी ताल शहर के ऐई राकेश मिश्रा ने बताया कि बुधवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक 11 केवी ताल 2 फीडर का मेंटेनेन्स कार्य किया जाना है, जिसमें आलोट नाका, आलोट रोड़, गौशाला क्षेत्र, कीर्तन कुइया क्षेत्र, शेख साई क्षेत्र, पिपलौदा रोड़, नीमचौक, गांधी चौक क्षेत्र की विद्युत प्रदाय बाधित रहेगी।

प्र. भारत 16-6-2021

## निगम में पंखे व बिजली चलाकर हो रहा ऊर्जा का अपव्यय

# समय सुबह 10 बजे का, 11 बजे तक कमरे खाली

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कहने को नगर निगम में कार्यालय का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक का है। पूर्व में इसका समय 10.30 बजे से 5.30 बजे तक था। यह बदलाव इसलिए किया गया, क्योंकि अब यहां के कर्मचारियों को शनिवार व रविवार को अवकाश मिलता है। इसके बाद भी समय पर कर्मचारी आने से कतरा रहे हैं। इनके आने से पहले ही पंखे से लेकर बिजली चलाकर उर्जा का अपव्यय हो रहा है। अधिकारी फील्ड का बोलकर शाम 6 बजे पहले निगम कार्यालय में नहीं आते हैं व रात 8 बजे से 9 बजे तक मिल रहे हैं। शहर में सफाई कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं मिले तो तुरंत वेतन कटता है, लेकिन कार्यालय के कर्मचारियों से कोई सवाल जवाब नहीं हो रहा है।

### 1. शिकायत सुनने वाला कोई नहीं



**निगम के सामान्य प्रशासन विभाग** में कार्यालय अधीक्षक रामचंद्र शर्मा बैठते है। इनका कार्य आयुक्त की अनुपस्थिति में अनुशासन का पालन करवाना है, लेकिन खुद ही सुबह 11 बजे पहले नहीं आते। ऐसे में अन्य समय पर आने की उम्मीद नहीं की जा सकती।

### 2. बोर्ड ही गंदा, शहर की उम्मीद क्या करें

पत्रिका



शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की जवाबदारी निगम के **स्वास्थ्य विभाग** की है। यहां भी सुबह 10.45 बजे तक ताला ही मिला। शहर को साफ रखने वाले कार्यालय का बोर्ड तो गंदा है ही इसके साथ साथ यहां पर बाहर भी गंदगी मिली। कर्मचारी 11 बजे बाद ही आए। ऐसे में शहर की सफाई व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### 3. पूरा शहर परेशान इनसे



निगम के **राशन कार्ड विभाग** के कर्मचारियों की ड्यूटी दो माह से मास्क नहीं पहनने वालों की रसीद बनाने की लगाई हुई है। ऐसे में राशन कार्ड में सुधार के लिए आने वाले शहर के लोग इनके नहीं मिलने से परेशान हो गए है। कार्यालय पर दो माह से ही ताला लगा हुआ है।

### 4. आग लगी, लेकिन सबक नहीं लिया

16-6-21



कुछ दिन पूर्व निगम के **लोकनिर्माण विभाग** के स्टोर में आग लगी थी। तब बड़े बड़े दावे किए गए थे। निगम के लोकनिर्माण विभाग में फाइले टेबल पर फैली हुई है व कोई आकर ले जाए तो रोकने वाला कोई नहीं रहता। पूर्व में भी यहां से एक ठेकेदार फाइल ले गया था, अब तक उस मामले में कार्रवाई नहीं हुई।

### एक ही जवाब

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के पास इस मामले में रटारटाया जवाब है। उनके अनुसार कर्मचारियों के आने का समय समय पर औचक निरीक्षण होता है व जो समय पर नहीं आते उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई होती है।

पत्रिका
16-6-2021

# भीड़ से संक्रमण फैलने का खतरा


## जून के 15वें दिन पांच नए कोरोना संक्रमित, 20 मरीज स्वस्थ

**जिले में कोरोना की अब तक की स्थिति**

| | |
|---|---|
| पाजिटिव | 17454 |
| स्वस्थ हुए | 16953 |
| मौत | 310 |
| एक्टिव मरीज | 191 |



दिव्यांग बंसीलाल को वैक्सीन लगाते हुए चिकित्साकर्मी। • नईदुनिया



16.6.21

नई दुनिया

रतलाम। जिले में कोरोना की स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होती जा रही है, लेकिन अनलाक में बाजारों में उमड़ रही भीड़ से खतरा बढ़ने का डर भी सता रहा है। बाजार में कई लोग कोविड-19 नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। कई स्थानों पर शारीरिक दूरी के नियम की धज्जियां उड़ रही हैं, वहीं कई लोग बिना मास्क के घूमते देखे जा रहे हैं।

जिले में कोरोना की रोकथाम के लिए लगातार सख्ती बरती जा रही है। इसके बाद भी कई लोग लापरवाही बरत रहे हैं। अनलाक में लापरवाही बरतने वालों पर लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है। जून के 15वें दिन मंगलवार को पांच नए पाजिटिव केस सामने आए। मौत एक भी नहीं हुई। 20 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। जून के 15 दिनों में कुल 152 नए पाजिटिव केस सामने आए हैं, वहीं 702 मरीजों को स्वस्थ होने पर छुट्टी दी गई है। मौत पांच हुई हैं।

**शहर के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में वैक्सीनेशन बढ़ाने पर जोर**

शहर के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में कोरोना वैक्सीनेशन की दर में वृद्धि के लिए एक मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर के निर्देश पर आयोजित बैठक में एसडीएम शहर अभिषेक गहलोत ने वैक्सीनेशन की जानकारी देते हुए आग्रह किया गया कि मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में मुस्लिम समाज के प्रबुद्धजन अधिकाधिक वैक्सीनेशन के लिए लोगों को समझाइश दें। बैठक में एसडीएम ने बताया कि शहर में 45 प्लस के 80 हजार व्यक्तियों के टीकाकरण के लक्ष्य में अभी 22 हजार व्यक्तियों का टीकाकरण शेष है। इसके अलावा 18 प्लस के 1.5 लाख व्यक्तियों में से 32 हजार का टीकाकरण हुआ है। एसडीएम ने मुस्लिम प्रबुद्धजनों से आग्रह किया कि वे प्रो-एक्टिव होकर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में शत-प्रतिशत व्यक्तियों का टीकाकरण करवाएं। इसके लिए जहां आवश्यक होगा, प्रशासन द्वारा कैंप लगाए जाएंगे। बैठक में डा. एमए कुरेशी, आसिफ काजी, मुबारिक आरआर खान, मुबारिक शैरानी, सलीम मेव ने सुझाव दिए। बैठक में डब्ल्यूएचओ के सर्विलेंस मेडिकल आफिसर डा. रितेश बजाज, जिला टीकाकरण अधिकारी डा. वर्षा कुरील, तहसीलदार अनिता चौकोटिया आदि उपस्थित थे।

---

नई दुनिया

# दस्तावेज जमा नहीं किए तो बंद हो जाएगा राशन

रतलाम। जिले के जिन परिवारों को अस्थायी पात्रता पर्ची जारी की गई है, उन्हें सभी संबंधित दस्तावेज 31 अगस्त तक सत्यापन के लिए दोबारा जमा कराने होंगे। इस अवधि में दस्तावेज सत्यापित नहीं हुए तो तीन महीने बाद राशन मिलना बंद हो जाएगा। कोविड-19 संक्रमण के दौरान गरीब परिवारों को खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पात्रता पर्ची विहीन या छूटे हुए गरीब परिवारों को अस्थायी पात्रता पर्ची जारी करने की प्रक्रिया चल रही है। जिले में अब तक 651 अस्थायी पात्रता पर्ची जारी की गई है, जबकि 3401 ने आनलाइन आवेदन किया है। 2544 आवेदनों पर प्रक्रिया चल रही है और अब आवेदन नहीं लिए जा रहे हैं। जिन परिवारों ने आवेदन किया, उनमें कई के दस्तावेज नहीं हैं या आधे अधूरे हैं। उनके आवेदन स्व घोषणा पत्र के आधार पर अस्थायी पात्रता पर्ची जारी की जा रही है, लेकिन स्थायी पर्ची तभी प्राप्त होगी जब सभी चाहे गए दस्तावेज उपलब्ध होंगे और उनका सत्यापन हो जाएगा। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी एचएस चौधरी ने बताया कि दस्तावेज जमा नहीं हुए तो तीन महीने बाद राशन बंद हो जाएगा। 16/6-21

# जिले में कोरोना नियंत्रण में, अधिकारी अब जन कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस करें


## एसडीएम तहसीलदार खाद्य सुरक्षा के हितग्राहियों से चर्चा करें फीडबैक ले

### कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

रतलाम। जिले में कोरोना महामारी नियंत्रण में है। शासकीय अधिकारी अब अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस करें, लोगों को लाभ दिलाएं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के तहत गरीब को उसका राशन अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। इसमें गड़बड़ी करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी एसडीएम, तहसीलदार खाद्य सुरक्षा के हितग्राहियों से रैंडमली चर्चा कर फीडबैक लेवे। यह निर्देश कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकानों के द्वारा हितग्राहियों को राशन उपलब्ध कराने की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक एसडीएम माह में कम से कम पांच उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण करेगा। उनके अलावा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा तहसीलदार 10 -10 दुकानों के निरीक्षण करेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उचित मूल्य दुकानों पर आने वाले हितग्राही को राशन सामग्री प्रदाय करने के उपरांत इलेक्ट्रॉनिक रिसिप्ट पर्ची अनिवार्य रूप से इन दुकानदार द्वारा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। यदि दुकानदार ऐसा नहीं करता है तो उसके विरुद्ध 5 हजार रुपए का फाइन लगाया जाएगा। कोरोना वैक्सीनेशन की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक अधिकारी अपने अधीनस्थों का वैक्सीनेशन सुनिश्चित करें, यह कार्यालय प्रमुख की जिम्मेदारी है। इसके लिए अपने क्षेत्र के एसडीएम से संपर्क करें। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीनस्थ कर्मचारियों का वैक्सीनेशन 1 सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए।

**अन्य राज्यों से आने वाले व्यक्ति को 7 दिन का क्वॉरेंटाइन**-कलेक्टर ने बताया कि कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण की दृष्टि से यह सुनिश्चित किया गया है कि रतलाम जिले में अन्य राज्यों से आने वाले व्यक्तियों को 7 दिन क्वॉरेंटाइन रहना होगा। यदि वह कम अवधि के लिए आता है तो आरटीपीसीआर नेगेटिव रिपोर्ट लाएं और ज्यादा अवधि के लिए आता है तो 7 दिन क्वॉरेंटाइन रहेगा।

16-6-21



## कन्टेनमेंट क्षेत्रों में किया जा रहा है सेनेटाईजेशन का कार्य

रतलाम। कोविड- 19 (कोरोना वायरस) के फैलाव को रोकने हेतु जिला कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाये जाने पर बनाये गये कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, टैक्टर ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाये जाने पर बनाये गये विभिन्न कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, टैक्टर ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से कन्टेनमेंट क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी में 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर सेनेटाईजेशन का कार्य झोन अनुसार नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है ताकि कोविड- 19 (कोरोना वायरस) के फैलाव को जा सके।

16-6-21

16-6-2021

**कोरोना से जंग:** संक्रमण दर 0.3 फीसदी पर आई

# अब शिवराज वैक्सीनेशन के लिए उतरेंगे सड़कों पर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. सीएम शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि कोरोना की तीसरी लहर से बचने के लिए वैक्सीनेशन जरूरी है। एक से तीन जुलाई तक इसके लिए महाअभियान चलाया जाएगा। इसमें सीएम स्वयं सड़कों पर जाकर लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करेंगे। कोरोना रिव्यु के दौरान शिवराज ने कहा कि मध्यप्रदेश में संक्रमण अब न्यूनतम स्तर पर आ रहा है। देश के 28 राज्यों में संक्रमण की दृष्टि से मध्यप्रदेश 27वें स्थान पर है। प्रदेश में पॉजिटिविटी 0.3 फीसदी पर आ गई है।

### पूरे जिले से लिए जाएं सैंपल

शिवराज ने निर्देश दिए कि कोरोना की टेस्टिंग के लिए सैम्पल हर जिले के ग्रामीण एवं नगरीय सभी क्षेत्रों से लिए जाने चाहिए। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थलों से भी सैंपल लिए जाने चाहिए।

पत्रिका 16-6-21

# एसडीएम : प्रो-एक्टिव होकर 100% टीकाकरण करवाएं

**शहर में 45+ के 22 हजार लोगों का टीकाकरण अभी बाकी है, मुस्लिम बहुल इलाकों में लगेंगे कैंप**


भास्कर संवाददाता | रतलाम

मुस्लिम बहुल इलाकों में वैक्सीनेशन बढ़ाने के लिए मंगलवार को एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने प्रमुखों के साथ बैठक ली। एसडीएम ने कहा कि आपको प्रो-एक्टिव होकर 100% टीकाकरण करवाना होगा। आप जगह बताएं, वहां कैंप हम लगाएंगे।

एसडीएम ने मुस्लिम समाज के वरिष्ठों से अधिकाधिक वैक्सीनेशन के लिए लोगों को समझाइश देने की बात कही। बैठक में डॉ. एमए कुरैशी, डब्ल्यूएचओ के सर्विलेंस मेडिकल ऑफिसर डॉ. रितेश बजाज, आसिफ काजी, मुबारिक खान, मुबारिक शेरानी, सलीम मेव, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील, तहसीलदार अनीता चौकोटिया मौजूद थे। एसडीएम ने कहा शहर में 45+ के 80 हजार लोगों के टीकाकरण के लक्ष्य के विरुद्ध अभी 22 हजार लोगों का टीकाकरण होना बाकी है। इसके अलावा 18+ के डेढ़ लाख व्यक्तियों का टीकाकरण किया जाना है। इनमें से 32 हजार का टीकाकरण हुआ है। एसडीएम ने वरिष्ठों से कहा कि मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में टीकाकरण करवाएं, इसके लिए जहां कैंप लगाने जरूरी होंगे, वहां प्रशासन द्वारा कैंप लगाए जाएंगे। आप लोग अपने क्षेत्रों में स्थान का चयन करें। डॉ. बजाज ने कोविड-19 संक्रमण के बारे में जानकारी दी।

दै. भास्कर 16-6-2021

# शहर के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में वैक्सीनेशन की दर बढ़ाने के लिए बैठक आयोजित



रतलाम। शहर के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में कोरोना के विरुद्ध वैक्सीनेशन की दर में वृद्धि के लिए एक बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर आयोजित बैठक में एसडीएम शहर श्री अभिषेक गहलोत द्वारा वैक्सीनेशन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आग्रह किया गया कि मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में मुस्लिम समाज के प्रबुद्धजन अधिकाधिक वैक्सीनेशन के लिए लोगों को समझाइश देवे। बैठक में डॉ. एम.ए. कुरेशी, डब्ल्यूएचओ के सर्विलेंस मेडिकल ऑफिसर डॉ. रितेश बजाज, आसिफ काजी, मुबारिक आर.आर. खान, सलीम मोहम्मद, मुबारिक शैरानी, सलीम मेव, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील, तहसीलदार श्रीमती अनीता चौकोटिया आदि उपस्थित थे। बैठक में एसडीएम श्री गहलोत ने बताया कि रतलाम शहर में 45 प्लस के 80 हजार व्यक्तियों के टीकाकरण के लक्ष्य के विरुद्ध अभी 22 हजार व्यक्तियों का टीकाकरण शेष है। इसके अलावा 18 प्लस के डेढ़ लाख व्यक्तियों का टीकाकरण किया जाना है। इनमें से 32 हजार का टीकाकरण हुआ है। एसडीएम ने मुस्लिम प्रबुद्धजनों से आग्रह किया कि वे प्रो-एक्टिव होकर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में शत-प्रतिशत व्यक्तियों का टीकाकरण करवाएं। इसके लिए जहां कैंप लगाने आवश्यक होंगे प्रशासन द्वारा कैंप लगाए जाएंगे। आप लोग अपने क्षेत्रों में स्थान चिन्हित करें। डॉ. बजाज द्वारा कोविड-19 संक्रमण के बारे में जानकारी दी गई। एसडीएम ने कहा कि हमें अब कोरोना की विकट स्थिति उत्पन्न नहीं होने देना है इसके लिए जरूरी है कि सभी व्यक्ति टीका लगवाएं।

16-6

## शेष-विशेष

# अस्थायी पात्रता पर्ची के दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि में वृद्धि

रतलाम ● राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत छूटे हुए गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हितग्राहियों से पात्रता संबंधी घोषणा पत्र के आधार पर स्थायी पर्ची जारी करने के निर्देश दिए गए थे। ऐसे हितग्राही जिनको अस्थायी पात्रता पर्ची जारी की गई है , उन्हें स्थायी पात्रता पर्ची के लिए पात्रता श्रेणी संबंधी दस्तावेज एवं सभी सदस्यों के आधार नंबर स्थानीय निकायों को उपलब्ध कराने की तिथि 31 जुलाई नियत की गई थी। इस समयावधि में वृद्धि करते हुए दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त नियत की गई है।

(12)

# जिम-मॉल खुलेंगे, रेस्टोरेंट और क्लब 50% क्षमता के साथ रात 10 बजे तक खुल

## अनलाक का दायरा बढ़ा : सरकार ने सभी कलेक्टर को कोरोना संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिए जारी किए निर्देश

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। कोरोना संक्रमण के नियंत्रण में आने के बाद सरकार ने अनलाक का दायरा बढ़ाते हुए जिम और मॉल खोलने का निर्णय लिया है। सरकारी कार्यालयों में भी अब सौ फीसद कर्मचारियों की उपस्थिति होगी। विवाह आयोजन में वर और वधू पक्ष को मिलाकर 50 लोग हिस्सा ले सकेंगे। रेस्टोरेंट और क्लब 50 फीसद क्षमता के साथ खुलेंगे। स्टेडियम भी खुलेंगे और खेल आयोजन भी होंगे पर दर्शक शामिल नहीं हो सकेंगे। रात का कर्फ्यू (रात दस से सुबह छह बजे तक) अभी लागू रहेगा। प्रत्येक रविवार जनता



कर्फ्यू भी बरकरार रहेगा, जो शनिवार रात दस बजे से सोमवार को सुबह छह बजे तक प्रभावी रहेगा। आपदा प्रबंधन समूहों से प्राप्त सुझावों के आधार पर मंगलवार को अपर मुख्य सचिव गृह डा. राजेश राजौरा ने कलेक्टरों को कोरोना संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। यह निर्देश 30 जून तक प्रभावी रहेंगे। विवाह में अतिथियों की सूची जिला प्रशासन को देनी होगी। सभी धार्मिक और पूजा स्थल खुल सकेंगे पर एक समय में छह से अधिक व्यक्तियों की उपस्थिति पर प्रतिबंध रहेगा।

### राहत और प्रतिबंध

- विवाह में अब अधिकतम 50 लोग हो सकेंगे शामिल
- सरकारी कार्यालयों में 100% उपस्थिति
- रात का कर्फ्यू और रविवार का लाकडाउन जारी रहेगा

### बढ़ाया छूट का दायरा

- सभी प्रकार की दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और निजी कार्यालय सुबह नौ से रात आठ बजे तक खुल सकेंगे।
- सभी बड़े और छोटे उद्योग पूरी क्षमता के साथ काम कर सकेंगे। निर्माण गतिविधियां भी चलेंगी।
- आनलाइन क्लास चलेंगी।
- सभी होटल एवं लॉज पूरी क्षमता के साथ खुल सकेंगे।
- दस लोगों के साथ अंतिम संस्कार की अनुमति दी जा सकेगी।
- किसी भी स्थान पर छह से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध।
- राज्य के भीतर वस्तुओं का आवागमन बिना रोक-टोक होगा।
- जिन गांवों में कोरोना के सक्रिय प्रकरण पांच या उससे अधिक हैं, वहां केंद्र के दिशा-निर्देशों के मुताबिक ही गतिविधियां संचालित होंगी।
- सामाजिक, राजनीतिक, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मेलों पर प्रतिबंध।
- स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक, प्रशिक्षण एवं कोचिंग संस्थान बंद रहेंगे।

### यह गाइडलाइन रहेगी प्रभावी

- अंतरराज्यीय मार्ग पर राज्य की सीमा पर प्रदेश में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों की थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था की जाए।
- दुकानों में गोले बनाकर ग्राहकों के बीच पर्याप्त दूरी सुनिश्चित करके शारीरिक दूरी का पालन सुनिश्चित किया जाए।
- जो ग्राहक मास्क न पहना हो, उसे सामान न बेचा जाए। दुकानदार अनिवार्य रूप से मास्क पहनें। उल्लंघन करने पर दुकान सील करने की कार्रवाई हो।

नई दुनिया
16-6-2021

## खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 13 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल द्वारा संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 14 जून को 13 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन दल द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में 13 दुकानदार व नागरिकों पर जुर्माना किया गया, जिसके तहत भावना शर्मा साक्षी पेट्रोल पम्प के पास पर 500, मुस्तकीर त्रिपोलिया गेट पर 200, प्रकाश जैन, विजयसिंह घास बाजार, पूनमचन्द, विक्रम चांदनी चौक, गुड्डूबाई, निकिता कसारा बाजार, विष्णु बैरागी बाल चिकित्सालय के पास, गीताबाई, कचरू, समीर त्रिपोलिया गेट, संगीता बाई अमृत सागर तालाब पर 100-100 रूपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

16-6-21

16-6-2021

16/6/21 नईदुनिया

# जनसहयोग से हरा-भरा होगा हनुमान ताल परिसर

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। अस्सी फीट रोड स्थित हनुमान ताल का सुदृढ़ीकरण व सुंदरीकरण की योजना में तालाब की पाल के बाहरी हिस्से व परिसर में 30 जून से 15 जुलाई तक पौधारोपण आमजन की सहभागिता के साथ किया जाएगा। मंगलवार को कलेक्टर एवं प्रशासक नगर निगम कुमार पुरुषोत्तम ने एसडीएम अभिषेक गेहलोत, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, निगम अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ तालाब का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने तालाब की डेढ़ किलोमीटर लंबी पाल पर पैदल भ्रमण कर निर्देशित किया कि तालाब पर बना स्लैब काफी संकरा है। यहां प्रातः घूमने आने वाले नागरिकों किसी प्रकार की दुर्घटना का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए स्लैब को चौड़ा कर रेलिंग लगाई जाए। जलसंसाधन विभाग व नगर निगम इसमें मिलकर कार्य करेंगे।



हनुमान ताल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। • नईदुनिया

**पांच-पांच मीटर की दूरी पर लगाएं पौधे**

कलेक्टर ने कहा कि तालाब परिसर के सौंदर्यीकरण व हरियाली बढ़ाने के लिए तालाब की पाल के बाहरी ओर ढलान में पांच-पांच मीटर की दूरी पर पौधे एवं घास लगाई जाए। राजस्व निरीक्षक व पटवारी तालाब का सीमांकन कर क्षेत्र में पोल लगाएं व भूमि पर अतिक्रमण चिन्हित करें। उन्होंने हनुमान ताल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए निगम द्वारा कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस दौरान कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री दीक्षा निजामपुरकर, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जल संसाधन विभाग कार्यपालन यंत्री एचके मालवीय सहित लोक निर्माण विभाग, मत्स्य, राजस्व, वन, उद्यानिकी विभाग आदि के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

नईदुनिया, 16-6-2021,

# राशन सामग्री : अमला अब रोकेगा दुरुपयोग

भास्कर 16-6-21

भास्कर संवाददाता | रतलाम

पात्र हितग्राहियों को सीएम अन्नपूर्णा योजना अन्तर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित होने वाली सामग्री का अपयोजन, व्यपवर्तन की रोकथाम के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जांच दलों का गठन किया है।

शहर हेतु कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रश्मि खाम्बेटे, सहकारिता निरीक्षक आर.सी. बामनिया, रतलाम ... आलोट हेतु कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आलोट आकाश गौड़, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ताल प्रेम कुमार अहिरवार, सहकारिता निरीक्षक एमसी मालवीय, सैलाना हेतु सहायक आपूर्ति अधिकारी सैलाना एसएए नकवी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बाजना आरएन दिवाकर, सहकारिता निरीक्षक सैलाना आरके खत्री तथा सहकारिता निरीक्षक बाजना आरके कुमावत शामिल हैं।

(1)

# हनुमान ताल का होगा सीमांकन, अतिक्रमण का पता लगाने होगी नपती, बाद में हटाएंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम



हनुमान ताल का निरीक्षण करते कलेक्टर कुमार और आयुक्त झारिया।

राजस्व विभाग हनुमान ताल (सज्जन मिल तालाब) का जल्द ही सीमांकन करेगा। इसके बाद नगर निगम सीमा लाइन लाइन पर पोल लगाएगा। इतना ही नहीं तालाब की जमीन पर अतिक्रमण का पता लगाने राजस्व निरीक्षण और पटवारी बंद भूमि की नपती करेंगे। अतिक्रमण पर उसे कार्रवाई करके हटाया जाएगा।

यह आदेश मंगलवार को कलेक्टर और नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने हनुमान ताल का निरीक्षण करते हुए अफसरों को दिए। तालाब का नगर निगम द्वारा सौंदर्यीकरण किया जाना है। इसके लिए मंगलवार को कलेक्टर ने आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ निरीक्षण किया। लगभग डेढ़ किमी लंबी पाल पर चलकर कलेक्टर ने पाल, तालाब की स्थिति देखी। इस दौरान बांध पर बने स्लैब को चौड़ा करके रैलिंग लगाने, सौंदर्यीकरण के लिए परिसर और पाल में पांच-पांच मीटर पर पौधे व घांस लगाने के लिए कहा। कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री दीक्षा निजामपुरकर, जलसंसाधन कार्यपालन यंत्री एचके मालवीय, आरजी पाटीदार भी साथ रहे।

दै. भास्कर 16-6-2021

# बारिश नजदीक, 518 आवास हितग्राहियों को नहीं मिली दूसरी-तीसरी किस्त

भास्कर संवाददाता | जावरा

16-6-21

जल्द मानसून आने वाला है। जिन हितग्राहियों को आवास किस्तें नहीं मिली हैं उनकी परेशानी बढ़ सकती है। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र 518 हितग्राहियों की दूसरी व तीसरी किस्त के 5.41 करोड़ रुपए का आवंटन अभी नहीं हुआ है। कुछ हितग्राही अधूरे निर्माण में रह रहे हैं, तो कुछ किराए में। ऐसे में उन्हें जल्द किस्तें जारी हो जाए तो वे अपने आवास का सपना पूरा कर सकेंगे।

उन्हें जल्द किस्तें जारी हो, इस मांग को लेकर नगरपालिका पूर्वाध्यक्ष अनिल दसेड़ा ने बुधवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से चर्चा की। उन्हें बताया कि